फर्द अहकाम

राजस्व –पत्रावली

न्यायालय सहायक कलक्टर(उपखण्ड अधिकारी)कुम्भलगढ जिला राजसमन्द

पत्रावली संख्या 94 / 2024किस्म मुकदमा वाद

रेखा मीणा बनाम किशना वगै.

| क | आदेशिका | हस्ताक्षर / सूचना |
|---|---|---|
| 2026 | अधिवक्ता वादी द्वारा पत्रावली तलबी का व शीघ्र सुनवाई का प्रार्थना पत्र पेश करने से पत्रावली आज पेश हुई । अधिवक्ता वादी उपस्थित है। तहसीलदार कुम्भलगढ से प्रारंभिक डिक्री की पालना मे विभाजन फहरिस्त व नक्शा ट्रेस प्राप्त हुए जो शामिल मिसल किये गये । अधिवक्ता वादी की बहस सुनी गई । अधिवक्ता वादी को विभाजन फहरिस्त एवं नक्शा ट्रेस पर कोई आपती नही है । अधिवक्ता वादी को प्राप्त विभाजन फहरिस्त एवं नक्शाट्रेस पर कोई आपति नही होने से राजस्व ग्राम बारा पटवार हल्का आंतरी तहसील कुम्भलगढ जिला राजसमन्द के खाता संख्या 310 आराजी नंबर 2615 रकबा 2. 5920 हैक्टेयर भूमियो की तहसीलदार कुम्भलगढ से प्राप्त विभाजन फहरिस्त एवं नक्शा ट्रेस स्वीकार किये जाते है। तदनुसार डिक्री पर्चा जारी किया जाता है । स्वीकृत विभाजन फहरिस्त एवं नक्शा ट्रेस डिक्री का अभिन्न अंग रहेगा । स्वीकृत विभाजन फहरिस्त व नक्शा ट्रेस व डिक्री अनुसार राजस्व रेकार्ड मे दर्ज करने की स्वीकृति दी जाती है । डिक्री की प्रमाणित प्रति के स्वीकृत विभाजन फहरिस्त व नक्शा ट्रेस तहसीलदार कुम्भलगढ को पालना हेतु भेजा जावे । तहसीलदार कुम्भलगढ पालना करा पालना रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवावे । पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो । निर्णय खुले न्यायालय मे सुनाया गया ।<br><br>(साक्षी पुरी)<br>सहायक कलक्टर(एस.डी.एम.)<br>कुम्भलगढ जिला राजसमन्द<br><br>सहायक कलेक्टर<br>(एस.डी.ओ.) कुम्भलगढ<br>जि. राजसमन्द | |